# कार्यालय निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

कार्यालय का पता–कार्यालय निदेशक प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर
दूरभाष का पता–0151–2226551 ई मेल– aayukt.ele@gmail.com

क्रमांक : शिविरा/प्रारं/एसआईक्यूई/19555/2020 /1768-1782 दिनांकः– 9/11/2020

**मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी,**
**स्कूल शिक्षा समस्त जिले।**

**विषयः–** जिला निष्पादक समिति की बैठकों में जिला रैंकिंग के माह सितम्बर 2020 के क्रम में।
**प्रसंगः–** रास्कूशिप/जय/मोनिटरिंग/जिला रैंकिंग/2020–21/15655 दिनांक 06.10.2020
**संदर्भः–** राजस्थान सरकार प्रशासनिक सुधार (ग्रुप–3) विभाग का पत्रांक– प–6(27) प्र.सु./अनु 3/2015 दिनांक 24.10.2018

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राज्य के सभी 33 जिलों में स्कूल शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा अभियान द्वारा संचालित की जाने वाली विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण हेतु जिला स्तर पर जिला निष्पादन समिति की बैठक जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की जाती है। जिसमें मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सदस्य सचिव के दायित्व का निर्वहन किया जाता है। इस समिति के कार्य एवं दायित्व निम्नानुसार होंगेः–

1. जिले में स्कूल शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा अभियान द्वारा संचालित समस्त योजनाओं आईसीटी, शारदे बालिका छात्रावास, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, मॉडल स्कूल, महात्मा गांधी विद्यालय, आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालय, एसआईक्यूई आदि कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के क्रियान्वयन की मोनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण।
2. जिला निष्पादक समिति की बैठक का प्रतिमाह आयोजन।
3. समिति द्वारा योजनाओं, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु अन्य विभागों के सदस्यों यथा जलदाय विभाग, विद्युत विभाग, महिला एवं बाल–विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, रजिस्ट्रार, सहकारिता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, मुख्य जिला परिषद आदि को जिला निष्पादन समिति की बैठक में आमंत्रित कर विद्यालयों की भौतिक सुविधाओं पर चर्चा एवं समस्या समाधान व जिला रैंकिंग के 44 बिंदुओं की समीक्षा।
4. नामांकन, उजियारी पंचायत, विद्युत कनेक्शन, पानी की उपलब्धता, क्रियाशील शौचालय पर्याप्त कक्षा–कक्ष, खेल मैदान, विद्यालय की चारदीवारी, बालिकाओं हेतु सेनेटरी नैपकिन डिस्पेंसर, इंसिनेटर, क्रियाशील इंटरनेट, बोर्ड परीक्षा परिणाम (सभी कक्षा स्तर), एसआईक्यूई सर्टिफिकेशन, शिक्षक–अभिभावक बैठक, 80 जी के तहत पेनकार्ड, विद्यालयों के लिए जुलाई 2017 से अगस्त 2019 तक समुदाय से 50000 से अधिक राशि के संकलन का विवरण, ज्ञान संपर्क पोर्टल, एसएमसी, एसडीएमसी, एसआरएम की 80 प्रतिशत उपस्थिति ब्लॉक एवं जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण लक्ष्यों की पूर्ति, ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक, एमपीआर, पीईईओ की मासिक एमपीआर, बालसभा एवं विद्यालयों/कार्यालयों द्वारा अनुपयोगी सामग्री नीलामी/निस्तारण संबंधी बिंदुओं का 275 का अधिकतम स्कोर की उपलब्धि।
5. राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी योजनाओं/गतिविधियों/कार्यक्रमों की समीक्षा।

उक्त की पालना हेतु आपके जिले के शिक्षा अधिकारियों की टीम (जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) मुख्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) मुख्यालय, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा, प्राचार्य डाईट, समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी) को जिले की प्रशासनिक, अकादमिक एवं भौतिक स्थिति के उन्नयन हेतु पाबन्द कराना।

www.rajteachers.com

इन स्कोर के आधार पर माह सितम्बर 2020 की जिला रैंकिंग संलग्न कर प्रेषित है। रैंकिंग में अंतिम 3 स्थान वाले जिलों– प्रतापगढ़, धौलपुर एवं दौसा से अपेक्षा की जाती है कि अग्रिम माह में अपनी रैंक में सुधार करना सुनिश्चित करें।

**नोट:–** जिला निष्पादक समिति का प्रशासनिक विभाग स्कूल शिक्षा विभाग होगा।

संलग्न:– जिला रैंकिंग माह सितम्बर 2020

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक,
प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com

क्रमांक : शिविरा/प्रारं/एसआईक्यूई/19555/2020 / 1768-1782 दिनांक:- 9/11/2020

प्रतिलिपि:– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. निजी सचिव, निदेशक माध्यमिक शिक्षा/प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर।
4. निजी सचिव, जिला कलक्टर समस्त जिले।
5. समस्त जिला प्रभारी अधिकारी (RAS/RAcs)
6. संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा समस्त संभाग
7. जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक/प्रारम्भिक मुख्यालय समस्त जिले।
8. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समस्त जिले।
9. प्राचार्य, जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) समस्त जिले।
10. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समस्त।
11. पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी समस्त।
12. सिस्टम एनालिस्ट कंप्यूटर अनुभाग माध्यमिक शिक्षा/प्रारम्भिक शिक्षा बीकानेर को पत्र देकर लेख है कि आज ही विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
13. शाला दर्पण प्रभारी माध्यमिक शिक्षा को शाला दर्पण पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।
14. कार्यालय प्रति।

निदेशक,
प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

**SMSA Sept 2020 Distirct Ranking** **(Shala Darpan Data as on 05-10-2020)**

| Sr.No. | DISTRICT | Current Score | Rank |
|---|---|---|---|
| 1 | JAIPUR | 202.34 | 1 |
| 2 | HANUMANGARH | 195.86 | 2 |
| 3 | CHURU | 193.42 | 3 |
| 4 | CHITTAURGARH | 180.92 | 4 |
| 5 | SIKAR | 179.22 | 5 |
| 6 | JHALAWAR | 178.9 | 6 |
| 7 | BUNDI | 170.49 | 7 |
| 8 | BARAN | 169.02 | 8 |
| 9 | GANGANAGAR | 166.34 | 9 |
| 10 | BIKANER | 162.17 | 10 |
| 11 | ALWAR | 157.61 | 11 |
| 12 | DUNGARPUR | 156.09 | 12 |
| 13 | BHARATPUR | 155.97 | 13 |
| 14 | UDAIPUR | 155.07 | 14 |
| 15 | TONK | 154.78 | 15 |
| 16 | S.MADHOPUR | 153.76 | 16 |
| 17 | BANSWARA | 153.39 | 17 |
| 18 | JHUNJHUNUN | 152.97 | 18 |
| 19 | SIROHI | 152.8 | 19 |
| 20 | PALI | 152.31 | 20 |
| 21 | BARMER | 150.88 | 21 |
| 22 | AJMER | 150.62 | 22 |
| 23 | JODHPUR | 148.85 | 23 |
| 24 | KARAULI | 148.43 | 24 |
| 25 | BHILWARA | 148.01 | 25 |
| 26 | JALOR | 147.67 | 26 |
| 27 | JAISALMER | 147.55 | 27 |
| 28 | KOTA | 146.68 | 28 |
| 29 | RAJSAMAND | 146.25 | 29 |
| 30 | NAGAUR | 144.02 | 30 |
| 31 | DAUSA | 143.92 | 31 |
| 32 | DHAULPUR | 134.05 | 32 |
| 33 | PRATAPGARH | **126.62** | 33 |
| | **Total** | **5226.98** | |

www.rajteachers.com